Move Tool in Photoshop – मूव टूल का उपयोग कैसे करें?

Move Tool in Photoshop एक बहुत ही महत्वपूर्ण टूल है, इस टूल की सहायता से आप किसी भी लेयर या इमेज को मूव कर सकते हैं।
इस टूल को सिलेक्ट करने का कीबोर्ड शॉर्टकट "V" है। तो आइये आगे जानते हैं photoshop tools in hindi के सभी टूल्स में Move Tool कैसे काम करता है?

Contents

- मूव टूल का उपयोग कैसे करें? **How to use Move Tool in Photoshop**
  - माउस के द्वारा मूव करना
  - कीबोर्ड के द्वारा मूव करना
- क्या क्या मूव किया जा सकता है?
- **Auto Selection**
- **Transforming Selection**

मूव टूल का उपयोग कैसे करें? How to use Move Tool in Photoshop

देखा जाए तो मूव टूल का उपयोग फोटोशॉप में सबसे ज्यादा किया जाता है। इसका उपयोग करना बहुत आसान है, निम्न तरह से आप इसका उपयोग कर सकते हैं।

माउस के द्वारा मूव करना

माउस के द्वारा किसी भी लेयर या फोटो के किसी हिस्से को सिलेक्ट करके। उसे एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाया जा सकता है,

इसके साथ साथ किसी अन्य टूल के द्वारा सिलेक्ट किए हुए किसी हिस्से को भी मूव टूल की मदद से मूव किया जा सकता है।

कीबोर्ड के द्वारा मूव करना

किसी लेयर को कीबोर्ड के द्वारा मूव करने के लिए "V" प्रेस करें और इससे मूव टूल सिलेक्ट हो जाएगा,
फिर उस सिलेक्टेड लेयर को कीबोर्ड पर दी हुई **Arrow Key** की मदद से मूव किया जा सकता है।

तेजी से मूव करने के लिए शिफ्ट बटन को दबाए रखें और **Arrow Key** से उसको 10 pixel per click पर मूव किया जा सकता है।

क्या क्या मूव किया जा सकता है?

- टेक्स्ट बॉक्स (Text box)
- सिलेक्शन (Selection)
- लेयर layer शेप (Shape)
- इमेज पार्ट (Image Part)

Auto Selection

जब हम मूव टूल सिलेक्ट कर लेते हैं तब टूल बार पर हमें टूल से संबंधित अन्य ऑप्शन दिखाई देते हैं,

जिसमें ऑटो सिलेक्शन (**Auto select layer**) पर चेक करने से ऑटो सिलेक्शन मोड ऑन हो जाता है।

इसकी सहायता से किसी भी लेयर पर क्लिक करते ही लेयर सिलेक्ट हो जाती है और उसको मूव किया जा सकता है,

इसी तरह ऑटो सिलेक्ट ग्रुप के द्वारा ग्रुप को ऑटोमेटिकली सिलेक्ट किया जा सकता है।

Show Transform Controls पर चेक मार्क जरूर on करके उपयोग करें जिससे आपको सिलेक्टेड पार्ट को देखने में आसानी होगी और आपको Photoshop को हैंडल करना अच्छी तरह से आ जायेगा।



Transforming Selection

Free Transform की मदद से किसी भी लेयर या ऑब्जेक्ट को **Rotate, Scale, Skew, and Distort** किया जा सकता है।

Rotate करने के लिए कीबोर्ड पर Ctrl + T दबाएं

इसके बाद राइट क्लिक करके इसे 180 डिग्री , 90 डिग्री clock wise, 90 डिग्री anti clock wise घुमाया जा सकता है,

फिर साथ साथ हम इमेज को अपनी जरुरत के अनुसार जितना चाहें उतना घुमा सकते हैं।

इसके लिए माउस पॉइंटर को object के corner पर ले जांयें और माउस पॉइंटर two side arrow में बदल जाता है,

तब उसे घुमाएं और Enter बटन दबाएँ।

Scale मतलब बड़ा या छोटा करने के लिए corner पर माउस पॉइंटर ले जांयें और drag करें।

Skew and Distort करने के लिए कीबोर्ड पर Ctrl + T दबाएं और **Ctrl button** को दबाये रखते हुए, corner से drag करें

तो आप देखेंगे की फोटो या शेप की अपनी वास्तविक आकृति बदल जाएगी।

इस तरह मूव टूल के द्वारा कई प्रकार के movement किये जा सकते हैं।